# प्रेस नोट दिनांक 04-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर

## मण्डलायुक्त बस्ती, पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती तथा जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा तहसील सदर पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनसुनवाई की गयी।

सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मण्डलायुक्त श्री योगेशवर राम मिश्र, पुलिस महानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र बस्ती, श्री आर0 के0 भारद्वाज, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर श्री संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अमित कुमार आनन्द द्वारा जनसुनवाई की गयी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल, बस्ती ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए पुलिस महानिरीक्षक, बस्ती परिक्षेत्र बस्ती, श्री आर0 के0 भारद्वाज द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारी प्रत्येक प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करें।

राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर राजस्व व पुलिस के अधिकारी / कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए मण्डलायुक्त ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण और शिकायतकर्ता के समस्या का समाधान ही समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने, एक ही समस्या को बार-बार प्रस्तुत किये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

**प्रेस नोट दिनांक 04-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।**

## आगामी पर्व होलिका दहन, होली व शब-ए-बारात के दृष्टिगत पुलिस लाइन्स सभागर में गोष्ठी कर दिशा-निर्देश दिया गया।

आज दिनांक 04.03.2023 को मण्डलायुक्त बस्ती व पुलिस महानिरीक्षक बस्ती, परिक्षेत्र बस्ती तथा जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आगामी त्योहार होलिका दहन, होली, शब-ए-बारात को सकुशल व शान्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने व जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत गोष्ठी कर सर्व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण वातावरण में समपन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस एवं प्रशासन व अन्य विभागों के अधिकारीगण को सयुक्त रूप से समस्त जूलुसों के मार्ग का पैदल भ्रमण करने, प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर ड्युटी लगाने तथा टीम वर्क से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही पिछले 05 वर्ष के अपराधों की समीक्षा कर तथा दोनों सम्प्रदायों के मध्य विवादों को चिन्हित कर निरोधात्मक कार्यवाही कर पाबन्द कराने तथा परम्परागत रूप से ही त्यौहार मनाने के संबंध में सभी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। किसी भी त्यौहार पर कोई नई परम्परा न करने देने तथा लोगों से निरन्तर संवाद स्थापित करने हेतु बताया गया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस/प्रशासन एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

**आज दिनांक 04-03-2023 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर के पुलिस लाइन के वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन में अपराध गोष्ठी/सैनिक सम्मेलन किया गया। अपराध गोष्ठी के दौरान अपराध-समीक्षा करते थाना प्रभारी को स्वयं द्वारा अपने अधीनस्थ विवेचको का पर्यवेक्षण करने, विवेचनाओं की पूर्ण जानकारी रखने एवं थानों के रजिस्टरों की समीक्षा करने आदि पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।**

**अपराध गोष्ठी के पश्चात् महोदय की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में पुलिस पेंशनरों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही सभागार कक्ष में जनपद के सम्मानित व्यक्तियों/जनता से संवाद किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया तथा पत्रकार बन्धओं/ मीडियाकर्मीगण से प्रेस वार्ता भी किया गया।**

**उक्त कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अमित कुमार आनन्द, अपर पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ, समस्त क्षेत्राधिकारीगण/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण, प्रतिसार निरीक्षक श्री भूतनाथ गुप्ता, पीआरओ0 पुलिस अधीक्षक श्री चन्दन कुमार एवं समस्त शाखा प्रभारी/अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।**

**<u>प्रेस नोट साईबर सेल, सिद्धार्थनगर दिनांक 04-03-2023</u>**

**शिकायतकर्ता के खाते से फ्रॉड हुए धनराशि रूपये 30,000 को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस |**

अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल सुबाष यादव व टीम साइबर सेल द्वारा शिकायकर्ता श्री त्रिलोकी नाथ पाण्डेय ग्राम सोनवल थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए उनके खाते में धनराशि रूपये 30,000/- वापस कराये गए।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

शिकायतकर्ता उपरोक्त द्वारा गूगल से टोल फ्री नंबर सर्च किया तथा उसपर फोन कर खाते से कटे धनराशि के विषय मे शिकायत किया, जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल बैक कर शिकायतकर्ता उपरोक्त को झाँसे मे लेकर धनराशि रूपये 40,000/- का फ्रॉड कर अपने खाते मे जमा करवा लिया गया। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया। उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दी, साइबर सेल टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए दिनांक 03/03/2023 को शिकायतकर्ता के खाते में धनराशि रूपये 30,000/- वापस कराया गया। साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए त्रिलोकी नाथ पाण्डेय द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम-**

1- निरीक्षक सुबाष यादव, प्रभारी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
2- उप निरीक्षक हरीओम कुशवाहा, साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।
3- मुख्य आरक्षी अतुल चौबे साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।
4- आरक्षी आशुतोष जायसवाल साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।
5- आरक्षी अजय यादव साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।
6- आरक्षी राहुल मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।
7- आरक्षी शिवम् मौर्या साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस नोट दिनांक 04-03-2023 जनपद सिद्धार्थनगर।**

**पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए पुलिस लाइन में नव निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन।**

आज दिनांक 04-03-2023 को पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री आर0 के0 भारद्वाज द्वारा पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के लिए रिजर्व पुलिस लाइन में नव निर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया।
श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवार के लिये एक नई वातानुकूलित पुस्तकालय का निर्माण कराया गया। महोदय द्वारा बताया गया कि पुस्तकालय के खुल जाने से स्कूल परीक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं, कानून, वित्त, स्वास्थ्य, फिटनेस, आत्मकथा, आध्यात्मिक और कथा साहित्य आदि क्षेत्रों से सम्बन्धित पुस्तकें उपलब्ध है। कई पुलिस कर्मी काम करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं और हमलोगो ने उनकी मदद के लिए किताबों का भंडार बनाने की कोशिश की है और शांतिपूर्वक पढ़ने के लिए वातानुकूलित जगह भी बनाई है क्योंकि बैरक में अध्ययन के लिए आवश्यक माहौल नहीं होता है। पुलिस कर्मी और उनके परिवार के सदस्य पुस्तकालय में समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को पढ़ने के लिए जा सकते हैं और अध्ययन भी कर सकते हैं। पुस्तकालय में वाई-फाई सुविधा स्थापित होने के बाद बच्चे वहां से भी ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकते हैं। किताबों की एक बड़ी संख्या के अलावा, पुस्तकालय में डेस्कटॉप के साथ एक ई-लर्निंग सेंटर भी है। दैनिक समाचार पत्र व प्रमुख मासिक पत्रिकाएं उपलब्ध रहेंगी। पुलिसकर्मी या उनके परिवारजन जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे है उनके लिए पुस्तकें उपलब्ध है। कानून की पुस्तकें हिन्दी व अंग्रेजी भाषा में, प्रमुख उपन्यास, आध्यात्म, जीवनी तथा प्रेरणादायक पुस्तके उपलब्ध है। बच्चों के लिए कक्षा प्रथम से इण्टरमीडिएट तक की पुस्तकें उपलब्ध है। इस अवसर पर सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, भूतनाथ गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक चन्दन कुमार, पी0आर0ओ0 पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**प्रेस नोटःदिनांक 04.03.2023 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर**

आज दिनांक 04.03.2023 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनन्द के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात गर्वित सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात अमरेश कुमार द्वारा हाईडील तिराहा, साड़ी तिराहा आदि स्थानों पर अवैध रूप से खडे वाहनों को हटवाया गया एवं रिफ्लेक्टर चस्पा किया गया तथा यातायात नियम का पालन न करने वाले 57 वाहनों से 56500/- रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी एवं 01 वाहनों के वाहन चालकों द्वारा नशे की हालात मे वाहन चलाने पर चालान किया गया तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात् ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

**<u>प्रेस नोट दिनांक 04.03.2023 जनपद सिद्धार्थनगर।</u>**

**थाना शोहरतगढ़ पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में "अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान" के अन्तर्गत एंव श्री सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण एंव श्री जयराम, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल निर्देशन में एंव श्री पंकज कुमार पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन में उ.नि. श्री कन्हैया कुंवर तिवारी मय टीम द्वारा कल दिनांक 03.03.2023 को मु.अ.सं. 42/23 धारा 363/366ए भा.द.वि. से सम्बन्धित अभियुक्त सुभाष पुत्र रामउग्रह यादव उम्र 20 वर्ष निवासी नकाही थाना शोहतरगढ जनपद सि0नगर को खुनुवां तिराहा के पास से समय 20.10 बजे गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया व बरामद अपहृता के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-**

सुभाष पुत्र रामउग्रह यादव उम्र 20 वर्ष निवासी नकाही थाना शोहतरगढ जनपद सि0नगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 कन्हैया कुंवर तिवारी, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
2. का0 अजय यादव, थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर
3. म0का0 बृजमा निषाद थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।